निरीक्षण | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में कायाकल्प का पियर असेसमेंट

# मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का किया अवलोकन





**नारायणगंज 22 दिसंबर नभाप्र.** स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ सफाई रखने के साथ संक्रमण नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान देना पड़ता है। वहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता को देखते हुए भारत सरकार ने उच्च स्तर की स्वच्छता प्रदर्शित करने वाली सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को कायाकल्प पुरस्कार देने की पहल की है। जिससे सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसी उद्देश्य से नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कायाकल्प पीयर असेसमेंट किया गया।

जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज का कायाकल्प अभियान के तहत पियर असेसमेंट असेसर डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल बालाघाट द्वारा किया गया। पीयर असेसमेंट असेसर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज के समस्त वार्ड, विभागों का गंभीरता से गहन निरीक्षण कर मूल्यांकन किया। जिसमें कायाकल्प के मापदंडों के अनुरूप संक्रमण नियंत्रण एवं जैव अपशिष्ट प्रबंधन, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवा स्टोर रूम, संबंधित रिकार्ड की जानकारी को गंभीरता से अवलोकन किया।

बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में कायाकल्प के पियर असेसमेंट के दौरान अस्पताल परिसर, अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, दवा वितरण केन्द्र, पैथोलॉजी, ओटी, लेवर रूम, सफाई कक्ष, एनआरसी, एक्सीडेंटल इमरजेंसी के साथ विभिन्न वार्ड, विभाग का मूल्यांकन किया गया एवं सुधारात्मक सुझाव दिए गए। मूल्यांकन के दौरान असेसर डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल, सीबीएमओ डॉ. एएल कोल समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज का स्टाफ मौजूद रहा।

### लैब में टेक्निशियन से ली जानकारी

कायाकल्प के पियर असेसमेंट में लेब कक्ष का निरीक्षण किया गया। जहां बालाघाट से आए असेसर डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल ने लैब की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लैब कर्मचारियों से लैब के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और रिकार्ड की जांच की। इसके साथ ही लेब टेक्निशियनों से लैब में होने वाले कार्यो का प्रैक्टिकल भी कराकर देखा।

### सफाई कक्ष को सराहा

बता दे कि फाइनल असेसमेंट के दौरान डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल द्वारा विभिन्न वार्डो का अवलोकन करते हुए सफाई कक्ष पहुंचे। जहां उन्होंने सफाई कक्ष को अंदर से जाकर देखा। सफाई कक्ष में उन्हें अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों से बेहतर व्यवस्थित कक्ष मिला। सफाई कक्ष का जो समान जहां होना चाहिए, वह सभी चीजें व्यवस्थित मिली। जिसकी सराहना की। इसके साथ ही डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल ने इससे संबंधित कुछ सुझाव भी दिए। डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल ने ड्यूटी में तैनात नर्सिंग ऑफीसर हाई लेवल डिस्इंफेक्शन के बारे में पूछा। जिसमें नर्सिंग ऑफीसर ने बताया कि अस्पताल में उपयोग होने वाले इस्ट्रूमेंट के विषय में बताया। इसके साथ ही हाथों को कितने प्रकार से साफ किया जाता है, इसका प्रैक्टिकल कराके देखा।

### इन कसौटी में कसे जाते हैं स्वास्थ्य केन्द्र

बताया गया कि कायाकल्प अवॉर्ड योजना के तहत प्रथम आकलन स्वयं स्वास्थ्य केन्द्र स्तर से होता है। दूसरे आकलन के लिए बाहरी जनपदों के चिकित्सकों की टीम आती है और तीसरा आकलन राज्य स्तरीय टीम के स्तर से होता है। तीनों आकलन में अगर स्वास्थ्य केन्द्र 70 फीसदी अंक अर्जित करता है तो उसे कायाकल्प योजना के तहत चयनित कर लिया जाता है।

### नर्सिंग आफीसर से ली उनके कार्य की जानकारी

सीएचसी के कायाकल्प के पियर असेसमेंट कर रहे डॉ. गौरव करवटे और डॉ. सुषमा गोयल ने ड्यूटी में तैनात नर्सिंग ऑफीसर से ऑक्सीजन कंस्टेटर के रखरखाव के बारे में जाना। जिसमें नर्सिंग ऑफीसर ने बताया कि ऑक्सीजन कंस्टेटर के रखरखाव की जानकारी बताई। इसके साथ ही असेसर ने फाईव स्टेंर्डड ऑफ प्रोकॉशन की जानकारी नर्सिंग ऑफीसर से पूछी। जिसमें उन्होंने बताया कि हैंड हाईजीन, यूज ऑफ पीपीई, रेस्पीरेटरी हाईजीन, सेफ इंजेक्शन प्रेक्टीसेव, डिस्इंफेक्शन इन क्लीनिंग एवं वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बताया।



# अनियंत्रित बाईक सवार तीन युवक गिरे, दो गंभीर

▶ गंभीर घायल जबलपुर रैफर, सुखराम में हुआ सड़क हादसा

**बबलिया 22 दिसंबर नभाप्र.** नारायणगंज से बबलिया के ग्राम सुखराम में बाईक सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। सभी घायल नारायणगंज के ग्राम सिंघनपुरी निवासी थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 112 डायल को सूचना दी, जिसके बाद तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लाया गया। जहां घायलों का उपचार शुरू किया गया, वहीं घायलों में दो गंभीर घायलों को चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर तत्काल जबलपुर मेडिकल के लिए रैफर किया गया।

जानकारी अनुसार नारायणगंज के ग्राम सिंघनपुरी निवासी सुखचैन सिंह मरावी 28 वर्ष, निवासी सिंघनपुरी, इन्द्रर सिंह मरावी 40 वर्ष निवासी सिंघनपुरी और भूपेन्द्र सिंह मरावी 26 वर्ष निवासी ग्राम सिंघनपुरी किसी कार्य के बबलिया के ग्राम सुखराम तरफ गए हुए थे। यहां से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान युवकों की बाईक ग्राम सुखराम के पास आकर अनियंत्रित हो गई और तीनों सवार मार्ग में गिर गए। बताया गया कि हादसा इतना जबरदस्त था कि बाईक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी 112 डायल को दी, सूचना मिलते ही डायल 112 ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज पहुंचाया। घायलों में सुखचैन सिंह और इन्द्रर सिंह मरावी गंभीर घायल हुए। वहीं भूपेन्द्र सिंह का उपचार सीएचसी नारायणगंज में ही किया जा रहा है। गंभीर दोनो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल जबलपुर रैफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच कर रही है।

# ग्रामीणों को सन्मार्ग की प्रेरणा दे रही समिति



▶ पटेहरा की सीताराम संकीर्तन समिति ने हिनोतिया के सत्य राम धाम में जगाई भक्ति की अलख

**बीजाडांडी 22 दिसंबर नभाप्र.** शास्त्रों में वर्णित है कि दान, धर्म और तीर्थों से भी ऊपर राम नाम की महिमा है। कलयुग में जीवन के कल्याण, सदाचार और सत्यमार्ग की प्राप्ति का एकमात्र आधार राम नाम ही है। इसी उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकासखंड नारायणगंज के ग्राम पटेहरा की सीताराम प्रभात फेरी संकीर्तन समिति निरंतर प्रयासरत है।

बताया गया कि पिछले 25 वर्षों से यह समिति न केवल अपने गांव बल्कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुबह जल्दी उठकर राम नाम संकीर्तन के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक जागृति के लिए प्रेरित कर रही है। इसी कड़ी में समिति के सदस्य विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम हिनोतिया स्थित दादू राम सत्य राम धाम पहुंचे। जहां नर्मदा पूजन के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के विधि-विधान से पूजन और वंदन के साथ की गई। इसके बाद पूरी श्रद्धा के साथ राम धुन संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। समिति का मुख्य लक्ष्य लोगों को राम नाम की महिमा से जोड़कर उन्हें सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस भक्तिमय आयोजन में पटेहरा ग्राम के सरपंच कालीचरण मार्को, समाजसेवी दुर्गेश सिंगरौरे, राजाराम सिंगरौरे, श्यामसुंदर सिंगरौरे, रतन सिंगरौरे, मदन सिंगरौरे, बाल गोविंद सिंगरौरे, सुरेंद्र कुमार सिंगरौरे और बहोरी दादा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही मातृशक्ति के रूप में संगीता बाई, सुखको बाई, विमला बाई, इलायची बाई और मालती बाई सहित अनेक माताओं-बहनों ने भी अपनी उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नैनपुर में कल लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

**नैनपुर 22 दिसंबर नभाप्र.** नैनपुर के पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड 2 में बुधवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सोनी ने बताया कि शिविर में जबलपुर के प्रतिष्ठित गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल और सेंटर फॉर साइट के विशेषज्ञ चिकित्सक हृदय, नेत्र व अन्य रोगों की जांच कर परामर्श देंगे।

इस आयोजन में जिला स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट और भागीरथ सेवा परिवार सहयोग कर रहे हैं। अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे समय पर बीमारियों की पहचान और बेहतर उपचार हेतु इस नि:शुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# सांसद ने बरगांव में खेल प्रतियोगिता का किया आगाज

▶ बरगांव में संकुल स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू, कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स में छात्र दिखा रहे हैं दमखम



**बीजाडांडी 22 दिसंबर नभाप्र.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते रहे, जिन्होंने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर खेल महोत्सव की शुरुआत की। विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन संकुल स्तरीय इस प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कई खेलों को शामिल किया गया है।

आयोजित प्रतियोगिताओं में खो-खो और कबड्डी, मैराथन दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद, तवा फेंक और गोला फेंक प्रमुख रही।

प्रतियोगिता को लेकर संकुल के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सभी खिलाड़ी खेल भावना और पूरे जोश के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बरगांव सरपंच चिंतलाल कोकड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष डुमारीलाल कुम्हरे, जनपद उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, बबीता सुभाष कुलस्ते जनपद सदस्य और अंकित मरकाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिक बसोरी मरावी, पुसवा उद्दे, जाकिर हुसैन, भागवत गोंठरिया, आदित्य मिश्रा, राजेश तिवारी और राहुल सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी इस उत्साह का हिस्सा बने।

### शिक्षा विभाग और शिक्षकों की रही विशेष भूमिका

कार्यक्रम के सफल संचालन में जन शिक्षा अधिकारी अवधेश दुबे सहित शिक्षक कृष्ण कुमार यादव, रफीक आजाद, मोहम्मद सफर, ललित मरावी, राजेश अहिरवार, अनिल मिश्रा और अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।




# राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**भुआबिछिया 22 दिसंबर नभाप्र.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की लोकव्यापीकरण योजना के अंतर्गत महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या अरुणा दीक्षित द्वारा मां सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के महत्व और रामानुजन के योगदान से अवगत कराया। कार्यक्रम समन्वयक एवं गणित शिक्षिका आरती मोदी ने श्रीनिवास रामानुजन के संघर्षमय जीवन और गणित के क्षेत्र में उनकी विलक्षण उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद रामानुजन ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

# आचार्य कौशिक ने भक्तों से किया नर्मदा को स्वच्छ रखने का आह्वान



▶ मंडला पहुंची नर्मदा परिक्रमा, आचार्य कौशिक महाराज के साथ उमड़ा एक हजार भक्तों का सैलाब

**महाराजपुर 22 दिसंबर नभाप्र.** अध्यात्म और श्रद्धा की अनूठी झलक दिखाते हुए परमपूज्य संत आचार्य कौशिक महाराज का नर्मदा परिक्रमा के दौरान मंडला आगमन हुआ। उनके साथ लगभग एक हजार परिक्रमावासी भी चल रहे हैं। अमरकंटक से अपनी यात्रा आगे बढ़ाते हुए आचार्य श्री तुलसी तपोवन गौशाला, सुरंगदेवरी पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में एकत्रित भक्तों ने नर्मदे हर-जीवन भर और जय श्री राधे के उद्घोष के साथ महाराज श्री का आत्मीय स्वागत किया।

रविवार सुबह गौशाला परिसर भक्तिमय रहा। इस दौरान विविध धार्मिक आयोजन किए गए। जिसमें सामूहिक सुंदरकांड का पाठ। भगवान शंकर का विशेष अभिषेक। भजन-कीर्तन और पुण्य सलिला मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन। सूर्यकुंड धाम में परिक्रमावासियों द्वारा दर्शन एवं पूजन किया गया।

### स्वच्छता का दिया संदेश

प्रवचन के दौरान महाराज श्री ने मंडला प्राचीन माहिष्मती नगरी के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सूर्यकुण्ड, ऋणमुक्तेश्वर कुण्ड, व्यास नारायण और सहस्त्रधारा की महिमा बताते हुए श्रद्धालुओं को मां नर्मदा के जल और तटों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प दिलाया। आचार्य कौशिक महाराज ने यह यात्रा 4 दिसम्बर को ओंकारेश्वर से प्रारंभ की थी। लगभग एक हजार भक्तों के साथ चल रहा यह काफिला रविवार दोपहर को पिपरिया के लिए रवाना हुआ। इस परिक्रमा का समापन 24 दिसम्बर को होगा।




# रुझनी नदी पर बोरी बंधान कर किया दीवार लेखन

▶ नैनपुर के छतरवाड़ा में जल संरक्षण अभियान

**नैनपुर 22 दिसंबर नभाप्र.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंडला के विकासखंड नैनपुर जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के निर्देश अनुसार एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमति सीता के मार्गदर्शन में नवांकुर और संस्था समृद्धि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण समिति नैनपुर सेक्टर क्रमांक 2 पिंडरई के ग्राम पंचायत छतरवाड़ा की रुझनी नदी पर पूजा अर्चना कर जल संचय बोरी बंधान का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत छतरवाड़ा में जल को संचय करने एवं इसके प्रति जागरूक करने दीवार लेखन किया गया।

ब्लॉक समन्वयक सीता उईके ने जल संचय का कार्य एवं जल स्त्रोतों के साफ सफाई के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामवासी, पंचायत सदस्य, छतरवाड़ा प्रस्फुटन समिति सचिव प्रेम सिंह धुर्वे, तुलसीराम, श्यामा बाई, दुर्गेश झरिया, रामकुमार झरिया, रविंद्र उईके, बुधन सिंह मरावी, रामकुमार मरावी, श्याम लाल धुर्वे, पूनम सिंह, पार्वती, सुनीता, रोशनी, महेश्वरी, कल्पना, रागिनी अंकित एवं नवांकुर संस्था समृद्धि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ग्रामीण विकास एवं जन कल्याण समिति अध्यक्ष किरण भारद्वाज, सचिव ओम लता परते एवं ग्राम के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सभी ग्राम वासियों के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ।

# स्वार्थ का नहीं, भगवत प्रेम ही सच्चा आनंद

▶ करिया गांव में कथा वाचिका देविका पटेल ने बिखेरी भक्ति की छटा

**अंजनिया 22 दिसंबर नभाप्र.** ग्राम करिया गांव में कथा वाचिका



देविका पटेल के मुखारविंद से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जहाँ भक्ति और ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए देविका जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत मात्र एक पुस्तक नहीं, बल्कि भक्ति, ज्ञान और त्याग की जीवंत गाथा है। उन्होंने सांसारिक प्रेम और ईश्वरीय प्रेम के अंतर को समझाते हुए कहा, संसार का प्रेम स्वार्थ पर टिका है, जो स्वार्थ खत्म होते ही टूट जाता है। सच्चा और अटूट प्रेम वही है जो जीव और ईश्वर के बीच स्थापित होता है।

**दुखों से मुक्ति का मार्ग है प्रभु का दास बनना**-मानवीय दुखों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस संसार में हर व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा से ग्रसित है। इन दुखों की बेड़ियों को काटने का एकमात्र तरीका राम का दास यानी प्रभु का सेवक बनना है। जब हम स्वयं को ईश्वर को समर्पित कर देते हैं, तो जीवन के सारे कष्ट स्वत: ही समाप्त हो जाते हैं।

**30 गांवों के श्रद्धालुओं का लगा तांता**-कथा वाचिका देविका पटेल की कथा सुनने के लिए आसपास के लगभग 30 गांवों से लोगों का तांता लग गया। इनमें मंडला, खैरी, पदमी, सुकतरा, माधोपुर, नरैनी, अंजनिया, मांद, पौड़ी, खामटीपुर, झिगराघाट, केवलारी, नारा, दिवारा, गंगोरा, करिया गांव, ककैया, सिलगी, मांगा, बम्हनी बंजर, बोरिया, सर्री, ठरका, टिकरवाड़ा और घटिया जैसे ग्राम शामिल हैं। कथा श्रवण करने आए भक्तों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी समाज की बेटी पर गर्व है। वह न केवल धर्म का प्रचार कर रही हैं, बल्कि समाज सुधार और राष्ट्र उत्थान की दिशा में ज्ञान का प्रकाश फैला रही हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इस आयोजन से क्षेत्र में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश प्रसारित होगा।

उदासीनता | सड़क पर कब्जा, नियमों की अनदेखी, नारायणगंज बस स्टैंड पर कंडम ऑटो और अवैध पार्किंग बनी सिरदर्द

# अव्यवस्थित ऑटो पार्किंग से लगा जाम, प्रशासन की चुप्पी से राहगीर परेशान



**नारायणगंज 22 दिसंबर नभाप्र.** नारायणगंज मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में इन दिनों अव्यवस्थित ऑटो पार्किंग ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। निर्धारित पार्किंग स्थल न होने के कारण ऑटो चालक मनमाने ढंग से सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आए दिन लंबा जाम लग रहा है। इस अव्यवस्था के चलते स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि नारायणगंज में नियमों को ताक पर रखकर कई पुराने और कंडम ऑटो धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन वाहनों से न केवल अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण हो रहा है, बल्कि इनके कारण सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्रीय प्रशासन और पुलिस द्वारा इन नियम विरुद्ध वाहनों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे इनके हौसले बुलंद हैं।

### पूर्व में हो चुके हैं विवाद, बड़ी घटना की आशंका

अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर पूर्व में भी कई बार ऑटो चालकों और आम जनता के बीच विवाद एवं मारपीट की स्थितियां बन चुकी हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और ऑटो के लिए अलग पार्किंग स्थल निर्धारित नहीं किया, तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### सड़क बाधित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

नारायणगंज के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में ऑटो के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाए। सड़क बाधित करने वाले वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। बिना दस्तावेज और कंडम हो चुके वाहनों को जब्त किया जाए। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।